सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत राष्ट्रीय संस्थान

पंजीकरण संख्या-
S/2626/NW/SDM/2016

# हिंदी विकास संस्थान

दिल्ली

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2019



अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:


मोबाइल नं. : 9213249905, 8800338321

वेबसाइट : www.hindivikassansthan.com

ई-मेल : hindivikassansthan@gmail.com




# विचार



राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है।
—महात्मा गाँधी

निज भाषा उन्नत अहै; सब उन्नति को मूल।
बिना निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय का सूल।।
—भारतेंदु हरिश्चंद्र





किसी विदेशी भाषा को अंगीकार करना हमारे लिए गर्व की बात है, किंतु अपनी भाषा की उपेक्षा करके किसी विदेशी भाषा को स्वीकार करना हमारे लिए बड़े शर्म की बात है।
—महादेवी वर्मा

जब मैं भारत पहुँचा तो मुझे यह देखकर दुख और आश्चर्य हुआ कि शिक्षित लोग भी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं से अनजान थे। वे अंग्रेज़ी बोलना गर्व की बात समझते थे। तब मैंने निश्चय किया कि मैं भारत की देशज भाषा की महत्ता को सिद्ध करूँगा।
—फ़ादर कामिल बुल्के



हिंदी ही वतन है, हिंदी है अपनी शान।
हिंदी से ही होगी, हिंदुस्तान की पहचान।।
—हिंदी विकास संस्थान

पंजीकरण संख्या- S/2626/NW/SDM/2016

# हिंदी विकास संस्थान

101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086

ईमेल- hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइट- www.hindivikassansthan.com

दूरभाष- 8800338321, 9213249905

दिनांक : 4 अप्रैल, 2019

प्रतिष्ठा में,

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या जी!

**'हिंदी विकास संस्थान'** हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं विकास हेतु सदैव प्रयत्नशील रहता है। उसी क्रम में हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा **राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019** का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस राष्ट्र-स्तरीय प्रतियोगिता में **कक्षा 1 से कक्षा 12 तक** के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। 'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019' में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 200 रुपये देने होंगे, जिसमें 40 रुपये परीक्षा-व्यवस्था कराने हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।

**राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019 के उद्देश्य बिंदु-**

- बच्चों को रटने की परम्परा से मुक्त करने हेतु सरल तरीके से भाषा-संबंधी ज्ञान कराना।
- प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को इस प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम से जोड़ते हुए बच्चों को परीक्षाओं हेतु तैयार करना।
- मानक वर्तनी का ज्ञान कराना एवं समाज में प्रचलित अशुद्ध शब्दों से परिचित कराते हुए उन्हें शुद्ध रूप में प्रस्तुत करना।
- हिंदी भाषा एवं दैनिक जीवन से जुड़ी बातों को पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित करते हुए जीवन मूल्यों की सीख देना।

उपर्युक्त उद्देश्य बिंदुओं की पूर्ति एवं अभ्यास हेतु हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को एक अभ्यास-पत्रिका निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हमें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी प्रतिभागी गर्व का अनुभव करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिक-से-अधिक छात्रों को प्रेरित कर कृतार्थ करें।

अपेक्षाओं के साथ,

भवदीय

**डॉ. पीयूष कुमार शर्मा**

अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान

मोबाइल : 9891411114

# पुरस्कार समारोह

**राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019** में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को **प्रशस्ति-पत्र** तथा अपनी कक्षा में **प्रथम**, **द्‌वितीय** तथा **तृतीय** स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को **पदक** एवं **प्रशस्ति-पत्र** तथा **क्षेत्रीय** व **राष्ट्रीय स्तर** पर पदक, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे।

जो प्रतियोगी **राष्ट्रीय श्रेणी** में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करेंगे, उन्हें **पदक, ट्रॉफी, प्रशस्ति-पत्र** के साथ-साथ **3100/- रुपये नकद पुरस्कार** के रूप में देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान अक्तूबर माह के द्‌वितीय सप्ताह में दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं, प्रतियोगियों की संख्या तथा उनके द्‌वारा प्राप्त पदकों के आधार पर श्रेष्ठ विद्‌यालयों एवं शिक्षकों को भी उस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह की सूचना संदर्भित विद्‌यालयों को एक सप्ताह पूर्व ही दे दी जाएगी।

## दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं के प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार

दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं के जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें **5100/-** (पाँच हज़ार एक सौ रुपये) **नकद**, **ट्रॉफी** एवं **प्रशस्ति-पत्र** प्रदान किया जाएगा।

एक से अधिक प्रतिभागियों के समान अंक आने पर सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार की धन राशि बराबर-बराबर बाँट दी जाएगी। इतना ही नहीं, उनके **हिंदी शिक्षकों** को भी साथ ही सम्मानित किया जाएगा।



# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019 हेतु प्रतियोगियों की सूची


विद्यालय का नाम : ........................................................................ परीक्षा केंद्र संख्या : ☐☐☐

| क्रमांक | अनुक्रमांक | प्रतियोगी का नाम | पिता/संरक्षक का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**प्रारूप**

यह प्रारूप प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग भरा जाए। किसी कक्षा के प्रतियोगियों की संख्या 24 से अधिक होने पर इस पृष्ठ की अतिरिक्त प्रतिलिपि (फोटोकॉपी) कराने के बाद इस प्रारूप को भरें।

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019 से संबंधित मुख्य बिंदु


हिंदी विकास संस्थान
दिल्ली

विद्यालय का नाम

अनुक्रमांक

परीक्षा केंद्र संख्या

प्रतियोगी का नाम

अभिभावक का नाम

कक्षा या पद

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर (दिनांक सहित)

कृपया, ध्यान दें:-

1. ओ. एम. आर. शीट को मोड़कर न दें।
2. कक्ष निरीक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतियोगी का अनुक्रमांक और परीक्षा केंद्र संख्या सही लिखे गए हों तथा अंकों के अनुरूप ही उनके गोले भरे गए हों।
3. गोला भरने के लिए पेंसिल/बॉल पेन का प्रयोग करें।
4. किसी प्रश्न के उत्तर का गलत या एक से अधिक गोला भरने पर एक अंक काटा जाएगा।
5. किसी प्रश्न के सही उत्तर का गोला अधूरा या गलत ढंग से भरने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

सही रूप ○●○○ गलत रूप

1. **'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019'** प्रतियोगिता का आयोजन 1 जुलाई, 2019 से 5 सितंबर, 2019 के बीच संस्थान एवं विद्यालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि को आपके विद्यालय में ही होगा। प्रश्न-पत्रों को भेजने, मूल्यांकन करने, परीक्षा परिणाम की सूचना देने एवं पुरस्कार आदि की व्यवस्था 'हिंदी विकास संस्थान' द्वारा की जाएगी।

2. 'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019' में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के प्रश्न-पत्र में पूछे जाने वाले सभी प्रश्न दिए गए पाठ्यक्रम के अनुररूप ही होंगे।

3. **प्रश्न-पत्र का प्रारूप :** कक्षा-1 तथा कक्षा-2 के प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का होगा। कक्षा-3 से कक्षा-5 तक के प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का होगा। कक्षा-6 से कक्षा-8 तक के छात्रों के लिए कुल 40 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित होंगे। कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के छात्रों के लिए कुल 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित होंगे। किसी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा। परीक्षा की समयावधि एक घंटा होगी, जिसमें प्रथम दस मिनट प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए दिए जाएँगे।

4. **कक्षा 3 से कक्षा 12** तक के प्रश्न-पत्रों में दिए गए सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) होंगे। प्रतियोगी उत्तर का सही विकल्प चुनकर उसका गोला (●) ओ.एम.आर. शीट पर भरेंगे। कक्षा 1 तथा 2 के प्रश्न पत्रों की रचना बच्चों की आयु एवं उनकी क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए पाठ्यक्रम के अनुरूप होगी। इन दोनों कक्षाओं के प्रतियोगियों को ओ.एम.आर शीट पर उत्तर देने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने उत्तर प्रश्न-पत्रिका पर ही लिखकर देंगे, जिनका मूल्यांकन परीक्षकों द्वारा किया जाएगा।

5. हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक विद्यालय को प्रतियोगिता से पूर्व एक परीक्षा केंद्र संख्या दी जाएगी, जिसे प्रत्येक प्रतियोगी को अपने उत्तर पत्रक पर लिखना आवश्यक होगा। प्रत्येक प्रतियोगी को निजी तौर पर हिंदी विकास संस्थान की ओर से 5 अंकों का एक अनुक्रमांक प्रदान किया जाएगा, जो प्रतियोगिता से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाएगा। कक्ष निरीक्षक की व्यवस्था विद्यालय की ओर से की जाएगी।

6. हिंदी विकास संस्थान द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को एक अभ्यास-पुस्तिका निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम एवं अभ्यास हेतु नमूना प्रश्न-पत्र हिंदी विकास संस्थान की वेबसाइट www.hindivikassansthan.com पर भी उपलब्ध रहेंगे।

7. जो छात्र 'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019' प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उनका विवरण भेजी गई सूची के अनुसार भरकर **31 मई 2019** तक 'हिंदी विकास संस्थान' में अवश्य भेज दें। शुल्क की राशि नकद/ड्रॉफ्ट के रूप में स्वीकार की जाएगी। ड्रॉफ्ट 'हिंदी विकास संस्थान' दिल्ली शाखा के नाम देय होगा। यह राशि 'हिंदी विकास संस्थान' की वेबसाइट **www.hindivikassansthan.com** पर जाकर भी जमा की जा सकती है।

# विवरण-पत्रक

(कृपया, प्रविष्टियों के साथ पूरा विवरण-पत्रक भरकर भेजें।)

विद्यालय का नाम एवं पूरा पता :

फोन नं. :

विद्यालय की ई-मेल आई.डी. :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या का नाम :

मोबाइल नं. :

परीक्षा की निर्धारित तिथि :

अध्यापक / अध्यापिका का नाम :

मोबाइल नं. :

अध्यापक / अध्यापिका की ई-मेल आई.डी. :

भेजी गई कुल धनराशि (नकद / ड्राफ्ट) :

ड्रॉफ्ट संख्या :

| **कक्षा** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **विद्यार्थियों की संख्या** | | | | | | | | | | | | |

विद्यालय के प्रतिभागियों की कुल संख्या :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर

**वेबसाइट : www.hindivikassansthan.com ई-मेल : hindivikassansthan@gmail.com**

**मोबाइल नं. : 08800338321, 9213249905**

# पाठ्यक्रम एवं नमूना-पत्र

## ‘राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2019’ हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

### पहली कक्षा

छोटे एवं बड़े-जीव जंतुओं की पहचान एवं उनके रहने के स्थान की पहचान, वर्णों की पहचान, चित्र देखकर बिना मात्रा वाले सही शब्द की पहचान, बिना मात्रा वाले शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, एक-अनेक (वचन), (लिंग-स्त्री जाति, पुरूष जाति), चित्र का पहले अक्षर से मिलान (केवल स्वर)

### दूसरी कक्षा

वर्णों की पहचान (स्वर एवं व्यंजन), स्वरों की मात्राओं की सही पहचान, नाम वाले शब्द-संज्ञा, गिनती का सही क्रम (एक से दस), कलगी एवं बिना कलगी वाले पक्षियों के नामों की पहचान, घास एवं मांस खाने वाले जीव-जंतुओं के नाम एवं उनकी आवाज़ें, स्वरों का सही क्रम एवं मात्राएँ, अलग शब्द की पहचान, चित्र देखकर सही शब्द की पहचान, शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, फल एवं सब्ज़ियों के रंगों की पहचान एवं स्वाद, एक-अनेक शब्द (वचन), लिंग (स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग), विपरीत अर्थ वाले शब्द (विलोम)।

### तीसरी कक्षा

पशु-पक्षियों और उनकी आवाज़ों की पहचान, स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान, ‘र’ के विविध रूप, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान,, संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान, समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द, शुद्ध शब्द, सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, श, ष, स से बने सही शब्द की पहचान, बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, एक से बीस तक गिनती का सही क्रम, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगो की जानकारी।

### चौथी कक्षा

स्वर एवं व्यंजन, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान ,‘र’ के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से तीस तक) अनेक शब्दों के लिए ‘एक शब्द’। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, भारत के धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों के नाम।

### पाँचवीं कक्षा

स्वर, व्यंजन एवं मात्राएँ, संयुक्त व्यजंन ,‘र’ के रूप (रेफ और पदेन), मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, काल, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ), वाक्य बनाना एवं अपठित काव्यांश।

## छठी कक्षा

वर्ण- स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन ,'र' के रूप (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, शब्द के भेद, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर) पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ), वाक्य बनाना या अपठित गद्यांश।

## सातवीं कक्षा

वर्ण- (स्वर एवं व्यंजन), मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, उपसर्ग, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, समुच्चयबोधक, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विपरीत अर्थ वाले शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अपठित काव्यांश।

## आठवीं कक्षा

वर्ण एवं उसके रूप, शब्द एवं उसके भेद, (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंध बोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) समास, कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग-वचन, संयुक्त व्यंजन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ और पदेन) मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, छह ऋतुओं के हिंदी मे नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित गद्यांश या काव्यांश।

## नौवीं कक्षा

वर्ण विचार, शब्द विचार, पद, लिपि एवं भाषा, बोली और भाषा, 'र' के रूप, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), नुकता एवं आगत और निपात, संधि (स्वर) समास एवं उसके भेद, शब्द एवं उसके भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, अलंकार, लिंग-वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार (अर्थ के आधार पर), वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, महासागरों के हिंदी नाम, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, अनेकार्थी शब्द एवं अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।

## दसवीं कक्षा

शब्द, पद, बोली, भाषा एवं लिपि, वाक्य-(रचना एवं अर्थ के आधार पर), संधि (स्वर एवं व्यंजन) समास, वाच्य, अलंकार, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), 'र' के रूप, नुक्ता एवं आगत और निपात, विराम चिह्न, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग, वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, सौरमंडल के ग्रहों के हिंदी नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।

## ग्यारहवीं कक्षा

मानक वर्तनी, जनसंचार, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, संचार, संचार के साधन, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, संपादकीय, समाचार, संपादक, रस, छंद, अलंकार, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य, संचार के दृश्य एवं श्रव्य साधन, महासागरों के हिंदी नाम, अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश।

## बारहवीं कक्षा

अपठित काव्यांश एवं अपठित गद्यांश, संचार, संचार के साधन, जनसंचार, मानक वर्तनी, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, समाचार, संपादकीय, संपादक, अलंकार, रस, छंद, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा-शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य। रिपोर्ट लेखन, संवाददाता, इंद्र धनुष के सात रंगों के हिंदी नाम एवं उनका क्रम, आवेदन-पत्र का प्रारूप एवं दृश्य-श्रव्य साधन।





# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019

(प्रश्न पत्र का प्रारूप)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ........................................................ | कक्षा | : | ............... |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ........................................................ | अधिकतम अंक | : | ............... |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ........................................................ | समयावधि | : | एक घंटा |


**कृपया ध्यान दें–**


1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **20** प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए **5** अंक निर्धारित हैं।
3. कक्ष निरीक्षक प्रत्येक प्रश्न के निर्देश को बच्चों तक पहुँचाने में मदद करें।
4. सही उत्तर देने पर 5 अंक मिलेंगे। गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा।
5. उत्तर देने के लिए केवल पेंसिल का प्रयोग करें।

## कक्षा 1 तथा 2 के लिए

### कक्षा-पहली

**1.** कौन और कहाँ रहता है? सही मिलान करें– **5**

**2.** चित्र देखकर सही शब्द से मिलान कीजिए। **5**

(क)  मटर 

कलश

 कलम 

कमल

### कक्षा-दूसरी

**1.** कौन-से पक्षी के सिर पर कलगी होती है? उस शब्द पर गोला लगाइए। **5**

(क) मोर

(ख) कबूतर

(ग) कोयल

**2.** केला मीठा होता है और करेले का स्वाद कैसा होता है? सही शब्द पर गोला लगाइए। **5**

(क) तीखा

(ख) कड़ुआ

(ग) खट्‌टा

**3.** आठ से पहले कौन-सी संख्या आती है? **5**

(क) साठ

(ख) साथ

(ग) सात

**4.** ई की मात्रा कौन-सी है? **5**

(क) ि (ख) ी (ग) ौ

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019

(प्रश्न पत्र का प्रारूप)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ........................................................ | कक्षा | : | ............... |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ........................................................ | अधिकतम अंक | : | ............... |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ........................................................ | समयावधि | : | एक घंटा |

**कृपया ध्यान दें–**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **25** प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए **4** अंक निर्धारित हैं।
3. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय हैं।
4. सही उत्तर के सामने का गोला भरने पर ......... अंक मिलेंगे तथा एक से अधिक गोला भरने या गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा।
5. सही उत्तर का गोला अधूरा या गलत ढंग से भरने पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा।
6. उत्तर का गोला भरने के लिए पेंसिल/नीले या काले पैन का प्रयोग करें।

## कक्षा 3 से 12 तक

### कक्षा-तीसरी

**1.** 'हर्ष तीसरी कक्षा में पढ़ता है।' इस वाक्य में संज्ञा शब्द क्या है? **4**

(क) हर्ष ○

(ख) तीसरी ○

(ग) कक्षा ○

(घ) हर्ष तथा कक्षा ○

**2.** 'शत्रु' शब्द का अर्थ है– **4**

(क) दुश्मन ○

(ख) वीर ○

(ग) मित्र ○

(घ) कायर ○

### कक्षा-चौथी

**1.** तीस से पहले कौन-सी संख्या आती है? **4**

(क) इक्कीस ○

(ख) उन्नीस ○

(ग) उनतीस ○

(घ) तेईस ○

**2.** कौन-से स्वर की मात्रा नहीं होती? **4**

(क) 'अ' ○

(ख) 'आ' ○

(ग) 'इ' ○

(घ) 'ओ' ○

**नोट :** प्रत्येक कक्षा हेतु अभ्यास-पत्रिका निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।
हिंदी विकास संस्थान की वेबसाइट **www.hindivikassansthan.com** पर उपलब्ध रहेंगे।

## कक्षा-पाँचवीं

1. 'च' वर्ग का पंचम वर्ण क्या है? 4

(क) ण
(ख) ञ
(ग) ङ
(घ) न

2. 'शब्द-लड़ी' में अगला शब्द क्या होगा? कनक – कमल – लड़की – ? 4

(क) कील
(ख) किताब
(ग) केला
(घ) कोई नहीं

## कक्षा-छठी

1. 'अनुस्वार' वाला सही शब्द क्या है? 5

(क) अंत
(ख) अ:त
(ग) अत:
(घ) अँत:

2. निम्नलिखित में 'लघु स्वर' है- 5

(क) इ
(ख) ए
(ग) आ
(घ) तीनों

## कक्षा-सातवीं

1. 'ऋतुओं का राजा' किसे माना जाता है? 5

(क) शरद
(ख) ग्रीष्म
(ग) वर्षा
(घ) वसंत

## कक्षा-आठवीं

1. 'आप आ गए।' वाक्य के लिए उचित विस्मयादिबोधक हो सकता है- 5

(क) अरे!
(ख) अहा!
(ग) वाह!
(घ) छि:

## कक्षा-नौवीं

1. 'आप इधर बैठें।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है– 5

(क) विधानवाचक
(ख) विधिवाचक
(ग) निषेधवाचक
(घ) इच्छावाचक

## कक्षा-दसवीं

1. 'एक अनार ............. बीमार।' लोकोक्ति के लिए सही शब्द चुनिए। 5

(क) एक
(ख) दो
(ग) नौ
(घ) सौ

## कक्षा-ग्यारहवीं

1. 'रेडियो' जनसंचार का कैसा माध्यम है? 4

(क) दृश्य
(ख) श्रव्य
(ग) दृश्य-श्रव्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

## कक्षा-बारहवीं

1. काव्य में अलंकारों को किसके समान माना जाता है? 4

(क) शस्त्र
(ख) अस्त्र
(ग) आभूषण
(घ) ढाल

## आवश्यक सूचना

महोदय / महोदया,


हिंदी विकास संस्थान राष्ट्रीय स्तर का सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत संस्थान है। इस संस्थान में कोई भी निजी प्रकाशक सदस्य नहीं है।

हिंदी विकास संस्थान द्वारा 'हिंदी ओलंपियाड 2019' हेतु भिन्न-भिन्न विद्यालयों में पत्र भेजे गए हैं। कुछ निजी प्रकाशक अपने लाभ के लिए हिंदी विकास संस्थान के मिलते-जुलते नाम से विद्यालयों में जाकर, मिलते-जुलते पत्र भेजकर या शुल्क कम करने की बात कहकर विद्यालयों को भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। हिंदी विकास संस्थान का किसी भी निजी प्रकाशक से कोई संबंध नहीं है।

हिंदी विकास संस्थान द्वारा भेजे गए पत्रों पर संस्थान की पंजीकरण संख्या, भेजने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पद, दूरभाष एवं मोबाइल न., ई-मेल, वेबसाइट आदि सब कुछ स्पष्ट रूप से लिखा गया है। कृपया, सावधानीपूर्वक पुष्टि करने के बाद ही कार्य करें।

अपेक्षाओं के साथ,

भवदीय



डॉ. पीयूष कुमार शर्मा
अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान
मोबाइल नं. : 9891411114 वेबसाइट : **www.hindivikassansthan.com**

---

## अभिभावक संस्तुति-पत्र

प्रिय अभिभावक,

हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2019 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी भाषा से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान सरलता से कर पाएँगे और निशुल्क दी जाने वाली अभ्यास-पत्रिका के माध्यम से अधिक-से-अधिक अंक प्राप्त कर सकेंगे।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र, कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र, क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले को ट्रॉफी तथा राष्ट्रीय सूची में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 रुपये नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। बोर्ड कक्षाओं के प्रतिभागियों के लिए यह राशि 5100 रुपये होगी।

इस प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को परीक्षा शुल्क के रूप में 200 रुपये देने होंगे। कृपया, शुल्क राशि के साथ अपनी संस्तुति प्रदान कर कृतार्थ करें।

प्रतियोगी का नाम .............................................. कक्षा ......................

अभिभावक का नाम .............................................. हस्ताक्षर ......................

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या

# हिंदी विकास संस्थान के बढ़ते आयाम

➤ राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 1 से 12वीं तक **राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** का आयोजन एवं पुरस्कार।






➤ हिंदी शिक्षकों के लिए हिंदी की **कार्यशालाओं का आयोजन** एवं **राष्ट्रीय पुरस्कार**।






➤ **10वीं** व **12वीं** कक्षा के छात्रों हेतु पाठ्यक्रम से जुड़ी समस्याओं पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन।






➤ परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करना एवं पुरस्कृत करना।






➤ हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय सम्मान।








## हिंदी विकास संस्थान

पंजीकरण संख्या- S/2626/NW/SDM/2016

101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086

ईमेल- hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइट- www.hindivikassansthan.com

दूरभाष- 8800338321, 9213249905